(ग) 'बालक बच गया' शीर्षक मनके के आलोक में शिक्षा पद्धति की दो विशेषताएँ लिखिए ।

(घ) 'शेर' शीर्षक लघुकथा में निहित व्यंग्य पर टिप्पणी कीजिए ।

**12.** केदारनाथ सिंह अथवा विद्यापति का जीवन एवं साहित्य का परिचय देते हुए उनकी दो काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *5*

**अथवा**

रामचन्द्र शुक्ल अथवा पं. हजारीप्रसाद द्विवेदी के जीवन, रचनाओं का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए उनकी भाषा-शैली की दो विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

**13.** "तो हम भी सौ लाख बार बनाएँगे" – इस कथन के संदर्भ में सूरदास के चरित्र का विवेचन कीजिए । *4*

**अथवा**

"यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी ।" 'सूरदास' कहानी के आधार पर इस कथन का विवेचन कीजिए ।

**14.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×2=8*

(क) 'बिस्कोहर' पाठ में लेखक ने बिस्कोहर में हुई बरसात का जो वर्णन किया है – उसे अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) लेखक प्रभाष जोशी को क्यों लगता है कि हम जिसे विकास की औद्योगिक सभ्यता कहते हैं वह उजाड़ की अपसभ्यता है ? सोदाहरण विवेचन कीजिए ।

(ग) "आरोहण कहानी पहाड़ी क्षेत्रों के कर्मठ और साहसी लोगों के जीवन का दर्पण है ।" सोदाहरण प्रतिपादित कीजिए ।

(घ) परदेश से घर लौटते रूपसिंह के मन की झिझक और लाज के कारणों को स्पष्ट कीजिए ।



StudentSuvidha.com downloaded from

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com